दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 324 मुरादाबाद 27 March 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मायावती ने यूपी में नई भाजपा सरकार को दी बधाई




बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार सुबह ट्वीट कर यूपी में नई भाजपा सरकार के गठन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आदर्शों के साथ कार्य करे। दरअसल, योगी ने खुद फोन कर मायावती को शपथ ग्रहण समारोह में आने का विधिवत निमंत्रण दिया था।

मायावती हालांकि इस तरह के कार्यक्रमों से हमेशा दूरी बनाए रखती हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दूसरी बार सीएम पद की शपथ ले ली है। योगी आदित्यनाथ यूपी के 38वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। योगी के बाद केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई गई। केशव प्रसाद मौर्य पिछली सरकार में भी डिप्टी सीएम रहे हैं, जबकि ब्रजेश पाठक कानून मंत्री। इसके अलावा अन्य 50 लोगों को योगी के नए मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। इसमें से 18 कैबिनेट, 14 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 20 राज्यमंत्री शामिल हैं। पूरे शपथ ग्रहण समारोह का गवाह लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम गवाह बना है।

## यूक्रेन की स्वास्थ्य सुविधाओं की भी कमर तोड़ रहा रूस, युद्ध की शुरुआत से अब तक किए 72 हमले

यूक्रेन और रूस में युद्ध खत्म होने की जगह दिन भर दिन बढ़ता जा रहा है और आज 31वें दिन भी लड़ाई जारी है। रूस लगातार यूक्रेन के रिहायशी इलाके को निशाना बनाकर बमबारी कर रहा है। इस बीच यह खबर सामने आई है कि रूसी सेना यूक्रेन की स्वास्थ्य सुविधाओं को भी खत्म करने पर तुली है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 24 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में रूस ने यूक्रेनी स्वास्थ्य सुविधाओं को निशाना बनाकर कुल 72 हमले किए हैं। वैसे तो रूसी सेना के सामने जो भी आ रहा है वह उसे नस्तेनाबूद कर रही है। लेकिन जानकारी के अनुसार रूसी सेना जानकर यूक्रेनी स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमला कर रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार अभी तक 72 हमले में जिन चीजों पर हमला किया गया उसमें 58



अस्पताल, 11 परिवहन, 16 कर्मचारी, 10 मरीज, आठ आपूर्ति और एक गोदाम शामिल है। बता दें कि इन हमलों के परिणामस्वरूप कुल 71 मौतें और 37 लोग घायल हुए हैं और इनमें डाक्टर और मरीज दोनों शामिल हैं।

### जिनेवा संधि का हुआ उलंघन

बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध एक अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष है जिसपर जिनेवा संधि (कन्वेंशन) लागू होती है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिनेवा कन्वेंशन ने नागरिकों और सैन्य कर्मियों के मूल अधिकारों को निर्धारित किया था और घायलों और बीमारों के लिए सुरक्षा स्थापित करने का नियम बनाया

## योगी आदित्यनाथ 2.0 सरकार का पहला फैसला- 15 करोड़ जनता को अगले तीन माह तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री अन्न योजना को तीन महीने तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मार्च 2022 के लिए लागू की गई योजना अब मई तक जारी रहेगी। इसमें 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का प्रावधान है। योगी आदित्यनाथ सरकार का पहला निर्णय, अगले तीन और माह तक खाद्यान्न योजना के तहत प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को खाद्यान्न के साथ दाल, नमक, चीनी आदि मिलता रहेगा। योजना मार्च 2022 में खत्म हो रही थी। अबकी भाजपा की जीत में मुफ्त राशन की इस योजना का जबरदस्त इंपैक्ट रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कैबिनेट मीटिंग के बाद मीडिया को इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने नव गठित सरकार का पहला प्रधानमंत्री अन्न योजना को तीन महीने तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री अन्न योजना शुरू हुई थी। देश की 80 करोड़ जनता को इसका लाभ मिल रहा था। पहले यह योजना मार्च 2022 तक ही थी। इस योजना के तहत खाद्यान्न के साथ दाल और नमक, चीनी आदि का पैकेट भी दिया जा रहा था। अगले तीन महीनों तक प्रदेश के 15 करोड़ लोगो को यह लाभ मिलता रहेगा। हमारी पहली कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है। प्रेस कान्फ्रेंस में उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तथा कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व स्वतंत्र देव सिंह मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना पर लगभग 3270 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना को जारी रखने की घोषणा की है। शनिवार को लोकभवन में संपन्न योगी 2.0 कैबिनेट की पहली बैठक में इस बाबत



औपचारिक निर्णय लिया गया, जिसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में नवगठित सरकार का पहला निर्णय 15 करोड़ गरीब जनता-जनार्दन को समर्पित है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अन्न योजना प्रारम्भ की थी। अप्रैल 2020 से आज मार्च 2022 तक देश की 80 करोड़ जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। वहीं राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के अतिरिक्त मुफ्त राशन वितरण की योजना संचालित की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुफ्त टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका के प्रयास से कोरोना पर काबू पाया गया तो महामारी से उपजने वाली भुखमरी की समस्या के निदान में मुफ्त राशन की योजना बहुत उपयोगी रही है। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक 15 करोड़ प्रदेशवासी डबल इंजन की सरकार में मुफ्त राशन की डबल डोज प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना की अवधि मार्च 2022 में समाप्त हो रही थी, जिस पर विचार करते हुए नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इसे अगले तीन माह तक बढ़ाये जाने का फैसला किया गया है। राशन वितरण की पारदर्शी व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि 80 हजार उचित दर की दुकानों पर ई- पॉश मशीनें लगी हैं, इससे सही लाभार्थी तक राशन वितरण संभव हो रहा है। बता दें कि अप्रैल 2020 से केंद्र सरकार के अलावा राज्य सरकार अपने संसाधनों से 15 करोड़ गरीब जनता को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। योजनांतर्गत अंत्योदय कार्ड धारकों को राज्य सरकार द्वारा 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाता है, जबकि पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट 05 किलोग्राम खाद्यान्न मिल रहा है। इसके अलावा बीते दिसंबर 2021 से राज्य सरकार ने खाद्यान्न के साथ-साथ 01 लीटर रिफाइंड तेल, 01 किलो दाल और 01 किलो नमक भी दे रही है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के परिवारों को 01 किलो चीनी भी मुहैया कराई जा रही है। कैबिनेट के निर्णय के बाद अब यह योजना जून 2022 तक के लिए बढ़ा दी गई है।योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 की पहली कैबिनेट बैठक में भाग लेने भाजपा की सरकार में पहली बार मंत्री बने निषाद पार्टी के डा. संजय निषाद तथा सपा से भाजपा में आने वाले नितिन अग्रवाल भी थे। इनके साथ जितिन प्रसाद तथा संदीप सिंह भी थे। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि आज पहली कैबिनेट बैठक है और आज की इस बैठक में संभव है कि महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट बैठक में शामिल होने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। सुरेश कुमार खन्ना तथा पहली बार कैबिनेट मंत्री बने राकेश  भी बैठक में थे।

## जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने जिला कारागार बहराइच का निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती के जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने जिला कारागार बहराइच का निरीक्षण कर जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण कारागार परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होने महिला बैरक तथा जेल अस्पताल का निरीक्षण कर कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता के संबंध में भी जांच पड़ताल की। उन्होने महिला कैदियों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त गर्मी के दृष्टिगत कैदियों को उचित व्यवस्था दिए जाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिये। उक्त अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती शीतला प्रसाद, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मृत्युंजय श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, जेल अधीक्षक श्रावस्ती सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- प्रदेश सरकार के मंशानुरूप लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्टेªट परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही है। इन योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी के कारण लोग योजनाओं का लाभ नही उठा पा रहे है। इसलिये लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता वैन संचालित की जा रही है। इस अभियान के तहत जिले में विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, मिशन इन्द्रधनुष योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण योजना, पल्स पोलियो अभियान, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधता निवारण, मच्छर जनित रोग कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित कई अन्य योजनाएं संचालित की जा रही है। लेकिन इन योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार नहीं होने के कारण योजनाओं का लाभ नही ले पा रहे है। इसलिये इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक करने की पहल की जा रही है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, यूनिसेफ के एस0एम0ओ0 सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक बार फिर मरोली खंड चार की करतूत आई सामने फिर भी जिला प्रशासन मोन



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-कई दिनों से लगातार मीडिया की सुर्खियों में चल रही बांदा जनपद के मतोंध थाना अंतर्गत आने वाली मरोली ग्राम पंचायत में खदान संख्या चार के संचालकों की दबंगई के चलते हमेशा मीडिया की सुर्खियों में बनी रहती हैं।अभी हाल दिनांक 24.03.22को मरोली से आए किसान ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिला अधिकारी बांदा को आप बीती सुनाई। इसी संदर्भ में जब मीडिया कर्मी उक्त किसान के प्रार्थना पत्र के आधार पर मोके में जाकर देखा तो बमुश्किल उक्त जगह तक पहुंच सके वहा से लोटते समय रास्ते में रोता हुआ एक और युवक मिला जिसने केमरे पर बताया की दिन रात मेरी जमीन से बालू भरे हुए ट्रक निकालते हैं । जब मेने खंड चार के संचालकों का ट्रक निकलने में विरोध किया तो अपनी गाड़ी में मुआवजा देने को कह कर खंड में लाकर जम कर लात घुसा से पेलाई कर दी इसी क्रम में आज पुन: मरोली ग्राम निवासी मांडवी बेवा स्वर्गीय मुन्नालाल जो निर्धन असहाय विकलांग बेवा है । उसने भी आज जिला अधिकारी बांदा को संबोधित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मेरे खेत की गाता संख्या 2451से लगातार मरोली खंड चार वाले अपने बालू के ट्रक निकालते चले आ रहे है। बराबर मोआब्जा देने की बात कहने की बात करने के बाद भी कोई मुआवजा न दिए जाने से परेशान हो महिला ने अपने सहयोगी के जरिए जिला अधिकारी बांदा से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। अब देखने वाली बात है कि ऐसे दबंग खंड चार के संचालकों के खिलाफ जिला प्रशासन कैसी कार्य वाई करता है जिससे मरोली ग्राम के ग्रामीणों को दबंगों से निजात मिल सके । आने वाला समय ही बताएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पूर्व विधायक श्री सिनोद कुमार शाक्य ने की भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



भारतीय जनता पार्टी में पूर्व सपा विधायक ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता श्री सिनोद कुमार शाक्य ने ग्रहण की जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह एवं संगठन महामंत्री श्री सुनील बंसल ने केंद्रीय राज्य मंत्री सहकारिता बीएल वर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राजीव कुमार गुप्ता की मौजूदगी में पूर्व विधायक को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण और शाल ओढ़ाकर फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और जोकि पूर्व विधायक का एम अल सी चुनाव में मेन भूमिका निभाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को निर्विरोध चुनाव जिताया जो कि इससे पहले पूर्व विधायक सपा के एमएलसी प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले लिया था फिर इसके बाद सपा से इनने इस सपा पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया था और अपना बीजेपी में आने का मन बना लिया था जो की सदस्यता ग्रहण कराने के मौके पर सदर विधायक श्री महेश चंद्र गुप्ता ब विधायक हरीश कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार भारती गौरव गुप्ता अजीत एमपी सिंह राजपूत अंकित आशीष शाक्य पारस गुप्ता अनुज कुमार महेश्वरी समेत तमाम लोग मौजूद थे

## पूर्व विधायक श्री सिनोद कुमार शाक्य को भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता ग्रहण होने पर लोगों ने बांटी मिठाईयां

सत्येंद्र पाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जैसे ही लोगों को मालूम हुआ कि आज पूर्व विधायक के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण पार्टी के लोगों ने करा दी है इसी को सुनते ही लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ नाचना गाना और मिठाइयां बांटना शुरू कर दिया जिस पर पूर्व विधायक के समर्थक में एक दूसरे को मिठाई खिलाना और नाच गाना देखकर लोगों को मालूम हुआ तो समर्थक लोगों ने बताया कि आज प्रदेश कार्यालय पर पूर्व विधायक के लिए भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता ग्रहण करा ली गई है जिस पर मंडी समिति के निकट डॉ अनुराग शर्मा अपने हॉस्पिटल पर लोगों के लिए ब मरीजों के लिए फल वितरण किए और मिठाई खिलाई जिस पर मरीजों में उत्साह नजर आया इस मौके कुछ मरीजों का कहना था कि यह अच्छा हुआ जोकि वहीं पर न्यू लाइव हॉस्पिटल के चेयरमैन ने भी मिठाई व फलों का वितरण किया अनिल कुमार उर्वेश कुमार मीना कश्यप सत्येंद्र पाल कश्यप मनोज कुमार गोलू पटेल बहुत से तमाम लो मौजूद थे

## नशीली गोली के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मयटीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोबार मोड़ से अभियुक्त राजेश उर्फ आलू पुत्र काली प्रसाद निवासी भरथा बेलभरिया थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 140 अदद अवैध नशीली गोली ( अल्प्राजोलम ) के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना को0भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 102/2022 धारा 8/21 NDPS Act मे अभियोग पंजीकृत किया ।

# पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मंडावर थाना मंडावर क्षेत्र के गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें अनेक पशुओं की बीमारी को लेकर टीकाकरण किया गया। क्षेत्र के ग्राम मोहडिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। पशु शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रूपा भूईयार पति संजीव भूईयार ने गो पूजा के उपरांत फीता काटकर शुभारंभ किया जिसमें 468 पशुओं का पंजीकरण कर बीमारी को देखते हुए टीकाकरण किया गया। डॉक्टर सर्वेश कुमार ने नवजात पशुओं के बारे में जानकारी दी। शहबाजपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवकुमार गंगवार ने पशुओं का टीकाकरण को लेकर पशु पालकों को अवगत कराया उन्होंने पशुपालकों से पति बीमा कराने को लेकर और फ्री गर्भधान योजना गोकुल मिशन के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान पशु चिकित्सक सत्येंद्र कुमार बृजेश कुमार संजय कुमार पशुधन अधिकारी रामवीर सिंह सहित पशु चिकित्सक मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के अंदर बुलडोजर बाबा की सरकार बनने पर व्यापारी झूमे

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल ने आज बर्तन बाजार में उत्तर प्रदेश के अंदर बुलडोजर बाबा की सरकार बनने पर एवं मुरादाबाद से चौधरी भूपेंद्र सिंह को मंत्री बनाए जाने तथा नगर विधायक रितेश गुप्ता को एक बार फिर विधायक बनने की खुशी में व्यापारी बर्तन बाजार में एकत्रित हुए और हलवा राहगीरों को बांटा आतिशबाजी छोड़कर एक दूसरे के गुलाल लगाया और सभी को बधाई दी प्रदेश मंत्री विपिन गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश के अंदर जो बनी है उसमें सभी कार्यकर्ताओं का भरपूर योगदान रहा कल शपथ ग्रहण समारोह में पूरे उत्तर प्रदेश को ही नहीं पूरे देश में दिखा दिया कि बुलडोजर बाबा का डंका पूरे देश में बचता है जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा और भी प्रदेशों से कार्यकर्ता आए थे व्यापारियों ने 11 किलो हलवा बाटा। उन्होंने कहा आज यदि हमारी मां ,बहने ,व्यापारी सुरक्षित है तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के अंदर अन्यथा कहीं पर भी लोगों की समस्या पूछने वाला कोई नहीं है उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश है विपिन गुप्ता ने कहा आने वाले 2024 के लोकसभा चुनावों में एक एक व्यापारी भारतीय जनता पार्टी के साथ है और एक बार फिर मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री व्यापारी बनाएंगे इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री विपिन गुप्ता के अलावा अजय अग्रवाल, अजय सहगल, शरद चतुर्वेदी, सचिन गुप्ता ,आकाश अग्रवाल ,रवि अग्रवाल ,अमरीश अग्रवाल ,अमित गुप्ता, मनीष अग्रवाल ,अभिषेक , अभिनव अंकुर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विशाल गुप्ता ,इंद्रजीत गुलाटी, संदीप मेहरोत्रा, पुष्पेंद्र श्रीमाली, अरुण कुमार रस्तोगी आदि व्यापारी शामिल रहे।

# राशन वितरण में बांटा जा रहा है खराब चना कार्ड धारकों का हंगामा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- सरकार की तरफ़ से मुफ़्त, मिलने वाला राशन के साथ दिए जाने वाले चने के पैकेट के अन्दर चने ख़राब निकलने का मामला सामने आया है।ग्रामीणों ने जब घर जाकर चने का पैकेट खोलकर देखा तो बीमारी के डर की वजह से डीलर को लौटा गए। मामला सुरजन नगर स्थित सोसाइटी के है।यहाँ सोसाइटी इंचार्ज रोहिताश सिँह राशन वितरण करा रहे थे कि अचानक राशन लेकर गए लोग चने की थैलियों को लेकर लौट आए।सोसाइटी इंचार्ज द्वारा संज्ञान लेते हुए अन्य पैकेट खोलकर देखे तो उनमें भी रखा चना ख़राब हो चुका था। सोसाइटी इंचार्ज रोहिताश सिंह ने ख़राब चने को देखकर फ़िलहाल ग्रामीणों की सहमति पर चने का वितरण रोक दिया है,क्योकि हमारे द्वारा बात करने पर भी सोसाइटी पर मौजूद ग्रामीण ओमप्रकाश निवासी मुनीमपुर ने बताया की पैकेट में चना इतना ख़राब है कि पशुओं को भी नही खिलाया जा सकता। सोसाइटी इंचार्ज ने बताया कि शायद गोदाम में सीलन की जगह चने को रखा गया हो और इस कारण चना ख़राब हो गया हो। वहीं मीडिया द्वारा जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी परमानन्द सिँह ने मामले का संज्ञान लेने के लिए तत्काल सप्लाई इंस्पेक्टर को निर्देश देने की बात कही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# दिनदहाड़े बदमाशों का सर्राफ की दुकान पर बोला धावा, लाखो की लूट

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर दोस्त के चौराहा स्थित ज्वैलरी शॉप पर नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े धावा बोल दिया। तमंचे के बल पर सर्राफा व्यापारी से लाखो रुपए की कीमत के सोने-चांदी के जेवर लूट लिए। इसके बाद हवा में तमंचे लहराते हुए बेखौफ अंदाज में फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। सर्राफा व्यापारी से भी घटना के संदर्भ में जानकारी की। अपनी मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगलवाई। ठाकुरद्वारा पुलिस को लुटेरों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए दोपहर लगभग डेढ़ बजे कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर दोस्त चौराहा स्थित हरिशंकर ज्वैलर्स की दुकान पर नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशों ने धावा बोल दिया। उस समय अधिकांश व्यापारी दुकानें बंद कर नमाज के लिए गए हुए थे दुकान पर ज्वैलर पंडित व्यास गौड़ निवासी सुल्तानपुर दोस्त अकेले बैठे हुए थे। तीन बदमाश पल्सर बाइक से वहां पहुंचे थे। एक बदमाश बाइक पर बैठा रहा, जबकि दो बदमाशों ने ज्वैलरी की दुकान में घुसकर शटर गिरा लिया इसके बाद पंडित व्यास गौड़ की कनपटी पर तमंचा सटा दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाशों ने अलमारी और तिजोरी में रखे सात किलो चांदी और लगभग 200 ग्राम सोने के जेवर लूट लिए बदमाशों ने ज्वैलर का मोबाइल फोन की कब्जे में ले लिया और धमकी दी कि शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी पांच मिनट में ही बदमाश लगभग लाखो रुपया का माल समेट कर वहां से भाग निकले। व्यापारी व्यास गौड़ ने दुकान से बाहर निकल कर शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश बहुत दूर जा चुके थे। व्यापारी ने पड़ोसी दुकानदार के मोबाइल फोन से पुलिस को सूचना दी तो पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाल मोहित चौधरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना को लेकर दहशत का माहौल है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। जल्द ही वारदात का पर्दाफाश किया जाएगा चोरो को जल्द जल्द जेल भेजा जायेगा वही कोतवाली प्रभारी मोहित चौधरी द्वारा बताया गया कि पुलिस जांच में जुट गई है बदमाशों को किसी कीमत पर बक्शा नही जायगा

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# 'Khuni Khela' of Bengal

10 people were burnt alive in Rampurhat area of ??Birbhum district of West Bengal. 8 of them belonged to the same family. Two innocent children were also killed by being pushed into the fire. The house was burnt down. What a dastardly, barbaric, monstrous massacre! The cruelty and cruelty crossed all limits. This is not a matter of common law and order. It is not even an incident of political violence and murders. It must have been a chapter of mutual animosity, but is its culmination and culmination also a 'genocide'? For how long will the 'blood game' continue in Chief Minister Mamata Banerjee's West Bengal? We have been watching and hearing about the murders since the new mandate in May 2021. We believe that Bengal has a history of political conflict and violence."" Similar killings were done during the Left Front government. Mamta herself was a victim of the barbaric violence of the Left Front and had survived to death. When he came to power in 2011, it was understood that the era of violence and killings would end. The chapter of bloody demonic culture will end. There were human expectations from Mamta, because she herself was a victim, but ironically, Mamta also accepted and accepted the bloody politics of the Left Front government. Today's reality is that from Panchayat elections, general public life to business conflicts and money-recovery competition, 'Khoon ki Holis' are being played. This is not only the case of the Birbhum massacre, but in the last 10 days there have been incidents of political violence in different parts of Bengal, in which political faces have also been killed. The TV Channelia spokesperson of Mamata and her party Trinamool Congress is not even talking about those massacres. The Left Front built its mass base on the basis of bloody supremacy and ruled Bengal for 34 long years. Now Mamata is intent on establishing the same political clout of Trinamool so that no one can challenge her continuity. We wonder how such anarchy, bloodshed, hooliganism, mafiagiri etc. can be allowed in a federal state in a democratic and constitutional country like India? Governor Jagdeep Dhankhar has said that the state has been handed over to Jungle Raj. Leader of Congress Parliamentary Party in Lok Sabha Adhir Ranjan Chowdhury has said that the government of demons is running in Bengal. The words used by Mamta on these statements can be termed as a mockery of the Constitution. Mamata has no respect for constitutional dignity. She has given a statement of slapping the Prime Minister of the country in the face. Has the human culture and tolerance of Bengal from Swami Vivekananda, Aurobindo Ghosh, Rabindra Nath Tagore, this massacre came about due to recovery. The question is whether the Chief Minister is not aware of such a business of smuggling? If so, why does it continue to this day? Has it been continued without interruption just to fill the coffers of the Trinamool leaders? In view of Bengal's triangular nexus, the investigation of local agencies and police cannot be relied upon, so the Leader of Opposition in the House, Shubhendu Adhikari has demanded a due probe by the CBI or the National Investigation Agency.


# What did Farooq Abdullah say, Pallavi Joshi was furious, said- 'How can 700 people lie together?



Vivek Agnihotri's film The Kashmir Files is still doing well at the box office. The film has collected 200 crores. The film is based on the exodus and genocide of Kashmiri Pandits in the 90s. Not only has the film received a good response from the audience, the critics have also appreciated the film. At the same time, leaders of different political parties are also giving their reaction on this. Former Jammu and Kashmir Chief Minister Farooq Abdullah had recently said that this tragedy did not happen under his rule. If he is found responsible for the massacre, he is ready to be hanged anywhere in the country. Now The Kashmir Files actress Pallavi Joshi has responded to this. Pallavi Joshi said that the film has been made after extensive research. They also have videos of proof. Pallavi Joshi from India Today said, 'To be honest, politics is not my field so I don't know how to respond to politicians but we did research for 4 years for what we have done. I have videos of statements from police to administration, Kashmiri Pandits and government officials of that time. We have proof of every single incident that we have shown in the film in the form of a video. I don't think 700 people can lie together.' Pallavi Joshi further said that Farooq Abdullah had resigned two days before the ruthless killing of Kashmiri Pandits and went to London.

Jagmohan was appointed as governor but could not make it due to bad weather. They stayed in Jammu for two-three days.

# SS Raja Mouli showed the magic of Ramayana on screen, Ram Charan's fans went crazy



SS Rajamouli's film RRR has been released and its craze has started showing on social media. The film stars Jr NTR, Ram Charan. Along with this, Alia Bhatt and Ajay Devgan are also in small but important roles. The film is a fictional story based on history. Many such videos are viral on social media in which spectators are seen whistling and making noise. Meanwhile, a clip has also surfaced in which fans are roaming around dressed up as Ram Charan's character in RRR. The film is getting a tremendous response from the audience in the Hindi belt. Full entertainer, got a good start - SS Rajamouli's magic is once again making the audience go crazy. The film is a full entertainer with a strong cast, action, emotions, patriotism and dance. Many critics have rated the film 4 and above. According to reports, theaters in Bihar are housefull. Alia Bhatt and Ajay Devgan's work in the movie is also being praised. Record made in premiere show-" Positive news is also coming for the film from overseas. In the US, the film has earned $3 million from premiere shows. According to Overseas Distributors, it has become the first film to earn so much from the premiere show alone. The film has been released by Raftaar Creations in the overseas market. He has given this information through tweet. Raja Mauli has given tremendous visual treat to the people from Bahubali. He has told many times that his films are inspired from Ramayana and Mahabharata. People got a glimpse of Mahabharata in Bahubali. This film is the story of a freedom fighter named Alluri Seetharama Raju. Rajamouli has treated it in such a way that it is reminding people of Ramayana.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, 7906743371, 9458664527
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

# दोनो को बुलाकर समझाकर विदा किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला कोतवाली नगर एटा की मोहल्ला नगला पोता निवासी पिंकी पत्नी मोहित व उसके पति मोहित पुत्र सत्यभान का है , पति शराब पीकर पत्नी से मारपीट करता था, आज दोनो को बुलाकर समझाकर विदा किया गया, इसके अलावा 3 पत्रावलियों में अग्रिम तिथि नियति की गई, तथा दो फाइलों को बंद किया गया, आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, गीता शर्मा, निरुपमा वर्मा गीता शर्मा के अलावा महिला थाना व परिवार परामर्श केंद पुलिस स्टाफ से उपनिरीक्षक ब्रह्मवती , हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, प्रेमकान्ति, रजनी के अलावा महिला थाना स्टाफ मौजूद रहा

# शहर के स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - कोरोना काल में लाकडाउन की चुनौतियों से उबरे ठेले-ढकेल ( स्ट्रीट वेंडर्स ) पीएम स्वनिधि योजना में मिले ऋण से भविष्य संवारने के प्रयास में लगे हैं। योजना को स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंचाने में नगर निगम, डूडा व बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान है। पीएम स्वनिधि की रैंकिंग में 10 लाख की आबादी वाले शहरों में अलीगढ़ प्रदेश में पहले व देश में दूसरे स्थान पर है। पहले चरण में 21.58 करोड़ रुपये का ऋण बांटा जा चुका है। दूसरे चरण में ऋण देने की तैयारी है। इन लाभार्थियों को आठ अन्य योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण से सम्बन्धित मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जैथरा पुलिस को मिली सफलता, थाना जैथरा पुलिस द्वारा नाबालिग किशोरी के अपहरण से सम्बन्धित मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निर्देशन में वारंटी तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैथरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 26.03.2022 को मुखबिर की सूचना पर नाबालिग किशोरी के अपहरण से सम्बन्धित मामले में थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं- 89/2022 धारा 363 भादवि में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## दीनदयाल अस्पताल बनेगा अब मेडिकल कॉलेज

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - शहर के लोगों के लिए अच?छी खबर है। शासन स्तर से दीनदयाल अस्पताल को मेडिकल कालेज में तब्दील करने पर काम शुरू हो गया है। क्वार्सी फार्म हाउस की चार हेक्टेयर जमीन पर इसे विकसित किया जाएगा। प्रशासनिक ब्लाक व एकेडमिक ब्लाक का निर्माण इसी जमीन पर ही होगा। अस्पताल दीनदयाल परिसर में ही संचालित रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्वार्सी फार्म हाउस को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जा रहा है। कोल तहसील की टीम ने इसके लिए जमीन का चिह्नांकन शुरू कर दिया है। इसके बाद परिसर के निर्माण के लिए बजट समेत अन्य प्रकिया पूरी होंगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के हॉस्टल में छात्र की मौत, परिजनों लगा रहे यह आरोप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगरा। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी कैंपस में स्थित यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक छात्र की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। संदिग्ध हालत में देख जब उसके साथी छात्र और शिक्षक उसे लहूलुहान हालत में लेकर एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से साथ ही छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आंबेडकर विवि के खंदारी परिसर में यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल संचालित है। यहां बुधवार दोपहर करीब 12 बजे चार मंजिला बिल्डिंग के पास ऋषभ लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। गांधीनगर निवासी ऋषभ को सुबह 10 बजे पिता छोड़ कर गए थे। पिता का कहना है कि ऋषभ का बुधवार को प्रैक्टिकल था। सीसीटीवी फुटेज में ऋषभ गैलरी में जाता हुआ दिख रहा है, लेकिन सीढ़ियों पर चढ़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। तीसरी मंजिल पर ऋषभ का बैग मिला है। मृतक के परिज और पुलिस अभी ये नहीं समझ पा रहे हैं कि उसकी मृत्यु कैसे हुई। आशंका जताई जा रही है कि बिल्डिंग की छत से गिरने के कारण ऋषभ की मौत हुई है। एसएन इमरजेंसी पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-हरित फिलिंग स्टेशन अरतैना रूनकता मथुरा रोड सिकन्द्रा आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा । आगरा।आज दिनांक 26.03.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने हरित फिलिंग स्टेशन अरतैना रूनकता मथुरा रोड सिकन्दरा आगरा के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई । तथा पैट्रोल पम्प आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये । तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । तथा मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री हुकुम सिंह, खजान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सत्य पाल, शिवम आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## आपसी विवाद के बाद दोनों पक्षों में जमकर हुआ पथराव व फायरिंग



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आपसी कहासुनी के दौरान दो पक्षों में हुआ जमकर हुआ हंगामा, आपसी विवाद के बाद दोनों पक्षों में जमकर हुआ पथराव व फायरिंग, बताया जा रहा है गांव में लगे मेले में रात को भी हुआ था झगड़ा, आज फिर सुबह दोनों पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे और पथराव व फायरिंग, पुलिस फोर्स के सामने ही चले लाठी डंडे व ईंट-पत्थर , हर बर्ष मेले होता था झगड़ा उसके बावजूद भी पुलिस ने नहीं बरती सतर्कता, पथराव में दोनों तरफ से कई लोगों के घायल होने की खबर राजकुमार पुत्र दीनानाथ गोली से लगने से हुआ घायल पुलिस प्रशासन ने जिला अस्पताल कराया भर्ती

# युवा प्रशांत गुप्ता राज्यपाल के हाथो सम्मानित



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदरपुर ( सलका ) निवासी प्रशांत गुप्ता को सरगुजा विश्व विद्यालय से वनस्पति विज्ञान स्नातकोत्तर मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महामहिम राज्यपाल के हाथो से गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। संत गाहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुरमें आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एम. एससी. वनस्पति विज्ञान 2016 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर माननीया राज्यपाल छत्तीसगढ़ एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके के द्वारा गोल्ड मेडल सह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें क्षेत्रवासियों की तरफ से बधाई और शुभकामनाएं मिल रही है। और उनके परिवार वाले अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

WWW.KNLSLIVE.COM

# जंगल में लगी भीषण आग... हुई बेकाबू वन विभाग की टीम अभी नहीं दे रहा ध्यान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के दूरस्थ ग्राम चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से जंगल में भीषण आग लगी हुई है। इस आग पर वन विभाग द्वारा काबू पाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में जंगल के आस-पास स्थित ग्रामीणों के घर अब आग की चपेट में आ सकते हैं। इस आग ने जंगल के बीच वन प्राणी छोटी बड़ी विशाल पेड़ वही आग प्रदूषण गांव के ओर कई बीमारियों को दे रहे हैं न्योता पुरा गाव धुवा ही धुवा। अवन्तिकापुर, कोल्हुआ, हुली, कछवारी, चोंगा, खैरा, कसौटी पेंडारी, पासल, नवडिहा, कछिया, जुडवनीया मोहर सोप, बसनरा, खोहिर, बैजनपाठ, लुल, तेलाईपाठ, भून्डा, रसौकी, रामगढ़, उमझर, पालकेवरा, छतरंग, बाक, कुदरगढ़,व के जंगल हो रहे हैं प्रभावित। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के जंगल में करीब सप्ताहभर से भीषण आग लगी हुई है। आग को बुझाने न तो प्रशासन न ही वन विभाग द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में उन ग्रामीणों को परेशानी हो रही है जिनके घर जंगल के बीच स्थित हैं। जंगल में लगी आग का रुख अब इन गांव की ओर हो गया है। जंगल में चारों ओर आग की लपटें और धुएं के गुबार नजर आने लगे हैं। चांदनी-बिहारपुर से लगे पहले ही जगल में आग ने भीषण रूप ले लिया और जगल पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जगल में भीषण आग लगने से लगभग करोड़ों पौधा एवं किसी ।वन विभाग ने भी मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया । वहीं क्षेत्र के लोगों ने आग को बुझाने की मांग भी वन विभाग से की है।

# जीपीएम पुलिस अवैध खनन के खिलाफ एक्शन मोड में, जीपीएम पुलिस की बड़ी कार्यवाही



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


सूरजपुर-अवैध रेत परिवहन के मामले में जीपीएम पुलिस कार्यवाही कर रही है। शासन के मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन में आज कोटमी के पास सोन नदी में यातायात विभाग एवं थाना पेण्ड्रा,चौकी कोटमी की टीम ने छापा मार कार्यवाही की। मौके पर 06 ट्रेक्टर में रेत भरा हुआ तथा 06 ट्रैक्टर खाली पाए गए।रेत भरे सभी ट्रेक्टरों को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को सौंपा गया साथ ही 06 ट्रैक्टर के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में यातायात प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी पेण्ड्रा उप निरी तिवारी, चौकी प्रभारी कोटमी चंदन सिंह एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**• 06 ट्रेक्टर में अवैध रेत परिवहन का मामला दर्ज और 06 खाली ट्रैक्टरों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही**

# ग्रामवार शिविर का आयोजन 29 मार्च से 1 अप्रैल तक

## कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक शिविर स्थल में उपस्थित होकर निराकरण के रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश जिले में सभी शासकीय कार्यो का ग्रामीण जनों को लाभ पहुंचाए जाने जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक किए गए प्रयास से ग्रामीण जनों को प्राप्त लाभ का संक्षिप्त मूल्यांकन आवश्यक है।इसी के परिप्रेक्ष्य में जिले के प्रत्येक ग्राम में 29 मार्च से 1 अप्रैल 2022 तक शिविर आयोजित कर शासकीय कार्यों के मूल्यांकन करने के लिए जिला नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं ग्राम प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है । उक्त अवधि में ग्राम वार शिविर तिथि, शिविर स्थल निर्धारित कर संबंधित तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से समन्वय कर नियत तिथि के पूर्व ग्राम में अनिवार्य रूप से मुनादी करने कहा गया है। जिससे ग्रामीण जनों को सही समय में जानकारी प्राप्त हो सके। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के सभी नोडल अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने प्रत्येक ग्राम में ग्रामवार शिविर का आयोजन कर राशन, पेंशन, फौत मामला, किसान किताब, नल खराब, शिक्षक स्कूल आता है कि नहीं, स्वास्थ्य, दिव्यांग प्रमाण पत्र, प्राकृतिक आपदा जैसे प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारियों को ग्राम वार समस्याओं का सर्वे कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रात 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक शिविर स्थल में समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिव्यांग हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने दिव्यांग व्यक्तियों को चिन्हांकित करने कहा जिससे मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड का शिविर लगाया जा सके। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत पानी में डूबने, बिजली लगने, सांप काटने से मृत्यु हुई है उन्हें प्राकृतिक आपदा के तहत आर्थिक सहायता राशि की लाभ दिलाने का भी जानकारी लेने कहा है तथा गांव में पशु क्षति, मकान क्षति, फसल क्षति नुकसान हुआ है उनका भी सर्वे कर निराकरण करने निर्देशित किया है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जाति प्रमाण पत्र में जिनका विभिन्न कारणों से त्रुटियां है उनका विशेष ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर जाति प्रमाण पत्र समय अवधि में बनाने के निर्देश दिए है।

## विशेष ग्राम सभा का आयोजन 29 मार्च को

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा गठन, सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम 1998 के नियम 6 में प्रदत्त षक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन, कोविड-19 से बचाव के समस्त गाईडलाईन का पालन करते हुए 29 मार्च 2022 दिन मंगलवार को विषेष ग्राम सभा आयोजन करने आदेष जारी किया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 2 ( क ) के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत प्रतिषत उपस्थिति सुनिष्चित कराने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव की होगी।

# विधायक श्री बृजेश सिंह यादव की माता जी का हुआ निधन

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ-सहसवान के सपा पूर्व विधायक श्री ओंकार सिंह यादव की धर्मपत्नी एवं सपा विधायक श्री बृजेश सिंह यादव की माता जी का आज निधन हो गया जोकि क्षेत्र के लोगों की भीड़ लगी हुई थी जिस पर क्षेत्र के लोग बा पार्टी के लोगों में दुख भरा संकट था

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com